तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026



बारिश से कीचड़युक्त स्कूल मार्ग को कराया ... 14


बड़गांव स्कूल में सीडबॉल एवं बीजरोपण कार्यशाला... 14




Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


खबर संक्षेप

## सट्टा लिखते खाईवाल को कोतवाली पुलिस ने दबोचा



**बालोद।** कोतवाली बालोद पुलिस ने सट्टा खेलाने वाले खाईवाल को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से स्टा पट्टी, डांट पेन व नगदी रकम 2800 रूपये जप्त किया गया। टऊन देहात भ्रमण के दौरान पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी के पास आम जगह पर एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पट्टी नामक जुआ लिख रहा है, सूचना पर घेराबंदी कर एक संदेही व्यक्ति ग्राम सिवनी थाना बालोद निवासी अनिल कुमार पिता विष्णु राम नेताम उम्र 38 वर्ष को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी पर्ची, 01 नग डाट पेन, नगदी रकम 2800 रू.बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 6 छ.ग.जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 2022 के तहत कायम कर गिरफ्तार किया गया।

अनुमति अवधि समाप्त होने के बाद भी खुदाई का आरोप, जगह-जगह बने गहरे गड्ढों से बढ़ा खतरा

# अरमरीकला में तालाब खुदाई का ग्रामीणों ने किया विरोध

**बेतरतीब उत्खनन से बिगड़ा तालाब का स्वरूप**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

- ग्रामीणों के विरोध पर रुका काम, गड्ढों की भराई के दिए निर्देश: सरपंच

ग्राम अरमरीकला मे माता तालाब में बेतरतीब खुदाई से तालाब का स्वरूप बिगड़ गया है। तालाब में जगह–जगह खतरनाक गड्ढे हो गए हैं। उठाव, परिवहन की अनुमति लेकर ठेकेदार ने तालाब की भारी भरकम मशीनों से खुदाई कर दी है। उठाव, परिवहन की अनुमति की अवधि बीत जाने के बाद भी तालाब से खुदाई की जा रही है। जिससे ग्राम मे आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के विरोध के बाद खुदाई रुकवाकर गड्ढों की भराई की जा रही हैं।

ग्राम अरमरी कला के माता तालाब में खनिज विभाग द्वारा 22 जून को सांगली से सनौद रोड निर्माण के लिए एक माह की



अवधि के लिए मुरूम मिट्टी उठाव, परिवहन के लिए अनुमति दी गई थी। जिसकी अवधि 21 जून को समाप्त हो चुकी है। विभाग ने .8 हेक्टेयर क्षेत्र से सांगली से सनौद रोड निर्माण के लिए 800 घन मीटर मुरुम मिट्टी उठाव व परिवहन की अनुमति दी गई थी। उसमें खनन की अनुमति का कहीं उल्लेख नहीं है।

आरोप है कि संबंधित ठेकेदार ने मनमाने तरीके से चैन माउंटेन लगाकर मुरूम, मिट्टी की खुदाई की है। निर्धारित 8 हेक्टेयर क्षेत्र से अधिक क्षेत्र में खुदाई करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीण ने यह भी आरोप लगा रहे है कि संबंधित ठेकेदार ने खुदाई के दौरान तालाब का स्वरूप ही बिगाड़ दिया है। तालाब में जगह–जगह गहरे गड्ढे कर दिए हैं। जिसमें बारिश होने से पानी भर गया है। अब गड्ढा होने व पानी भरने से तालाब खतरनाक हो गया है ।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार ने निर्धारित क्षेत्र से अधिक की खुदाई कर दी है। वही निर्धारित 800 घन मीटर से अधिक का उठाव कर लिया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि 21 जुलाई को मुरूम मिट्टी उठाव की अवधि बीत जाने के बाद भी उसमें उठाव परिवहन किया जा रहा है।

मामले में अरमरीकला सरपंच धनेंद्र साहू ने कहा अनुमति की अवधि खत्म हो गई है। खुदाई रुक–रुक कर हो रही है। अभी खुदाई रुकवा दी गई है। ठेकेदार को कहा है कि गड्ढों को मिट्टी से भराई करें। कार्य कर रहे ठेकेदार के कर्मचारी एल.साहू ने कहा खुदाई बंद है। हम गड्ढो में मिट्टी भरने का कार्य कर रहे है।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- एफटीसी बालोद की अदालत का फैसला, पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति योजना का लाभ देने के निर्देश

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी बालोद ताजुद्दीन आसिफ की अदालत ने लाठी से पीटकर हत्या करने के मामले में आरोपी करियाटोला तुमड़ीकसा थाना मंगचुवा निवासी बालाराम सिन्हा 66 वर्ष को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1) के तहत आजीवन कारावास तथा 100 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

न्यायालय ने अपने आदेश में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद को निर्देशित किया है कि आदेश प्राप्ति की तिथि से दो माह के भीतर पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना–2018 के तहत मृतक के आश्रितों की पात्रता की जांच कर उन्हें प्रतिकर राशि प्रदान करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सनद कुमार श्रीवास्तव ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार, 17 अक्टूबर 2025 की सुबह जगतराम शौच के लिए नरवा की ओर गए थे। इसी दौरान आरोपी बालाराम सिन्हा ने उनसे विवाद के बाद लाठी से हमला कर दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शी देवन सिंह ने बचाव की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर देखा कि दोनों के बीच झगड़ा हो रहा था। लोगों द्वारा छुड़ाए जाने के बाद भी आरोपी ▸▸| शेष पेज 12 पर

**उत्तर प्रदेश के चार लोगों पर मामला दर्ज**

# बीमारी ठीक करने का झांसा देकर महिला से 13.13 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बीमारी ठीक कर देने के नाम पर तीन से अधिक लोगो ने महिला के साथ तेरह लाख से अधिक की धोखाधड़ी कर दी। जिसके बाद पीड़ित महिला ने ठगी करने वाले व्यक्तियो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम सिर्री थाना रनचिरई निवासी प्रेमलता चन्द्राकर पति ऋषि चन्द्राकर 55 वर्ष ने पुलिस को बताया कि एक हिन्दी चैनल के माध्यम से पं0 वेद प्रकाश तिवारी का लक्ष्मी नारायण ज्योतिष संस्था नाम से एड चलता था। मेरे पति को कैंसर बीमारी होने से पूजा पाठ से बीमारी ठीक हो जाने के विश्वास में टी.व्ही. के एड को देखकर संस्था से संपर्क करने के परिणाम स्वरूप वेद प्रकाश तिवारी द्वारा पूजा पाठ से बीमारी को पूरा ठीक कर देने का विश्वास कराया और पूजा पाठ के नाम पर राशि की मांग किया।

वेद प्रकाश तिवारी एवं उनके सहयोगी राहूल तिवारी, सृजन तिवारी एवं अन्य जो सभी उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले के निवासी ने बीमारी ठीक होने का दावा किया तब विभिन्न माध्यम से करीब 13,13,673 रूपये की राशि भेजते गयी थी। प्रार्थी के अनुसार ठगी यहीं नही रुकी, पहले पं0 वेद प्रकाश तिवारी ने



फिर जाल में फंसाया और प्रार्थी को बताया कि तुम ठगी का शिकार हो गए हो, मै वापस दिलाउंगा। बाद मे कथित आरोपी के पिता द्वारा आत्महत्या करने व सुसाइड नोट में मेरा (प्रेमलता चन्द्राकर) नाम फिर रकम की मांग की और रकम नहीं देने पर मेरे घर उत्तर प्रदेश पुलिस भेजने की धमकी देते थे साथ ही सीबीआई की धमकी देते थे। उन्होने प्रार्थीया को डरा धमका कर उसका फोटो, आधार कार्ड, पेन कार्ड व्हाट्स एप के माध्यम से मंगा लिये, सभी व्यक्ति ने प्रार्थीया को मर्डर केस में फंसाने की धमकी देते थे जिससे पति को चौथा स्टेज कैंसर होने के बावजूद सोना गिरवी रखकर इधर उधर से कर्जा लेकर रकम भेजा गया।

## *10.36 ग्राम सोने का नेकलेस चोरी, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज*

***बालोद।*** *पूजा कार्यक्रम में पहुंची महिला का सोने का नेकलेस चोरी हो गया, जिसके बाद महिला द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बुध्दू भरदा, पोस्ट जंगलपुर ब्लाक डोंगरगांव जिला राजनांदगांव निवासी ममता साहू पति यादवलाल साहू ने पुलिस को बताया कि 16 जुलाई को अपने मामा के घर पूजा कार्यक्रम में कुरदी गई थी, पूजा कार्यक्रम सम्पन्न. होने के बाद रात्रि लगभग 08 बजे रात्रि में अपने आभूषण चांदी का करधन, सोना का रानीहार और सोना का नेकलेस को मामी के आलमारी के लॉकर में पूरा समान रखी थी, दूसरे दिन सुबह 17 जुलाई को सुबह नहाने एवं भोजन के बाद अपने घर जाने के लिए तैयारी के बाद लगभग 10 बजे अपने मामी को आभूषण को वापस मांगी तो आलमारी के लॉकर से निकालकर दिये, जिसमें चांदी का करधन, सोने का रानी हार मिला और वहां सोने का नेकलेस गायब था, सोने का लेकलेस वजन 10.360 ग्राम था, उसके बाद मामा मामी से एवं घर के अन्य सदस्यों से पूछताछ किये जिसको अज्ञात चोर द्वारा आलमारी खोलकर चोरी कर ले गया है।*


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444



शैलदेवी महाविद्यालय
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
अंडा, दुर्ग
9575037637
6265377477
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BCA
BCom
DCA
MCom
PGDCA
Scholarship - 8000 to 13000/-
Girls/Boys Hostel
BSc Maths CS/Bio
MSW
MSc Physics/CS Chemistry
B.Lib
पढ़ाई के साथ-साथ सरकारी नौकरी की तैयारी भी...
Diploma in YOGA
B.Ed, D.El.Ed, B.Sc B.Ed.


## लॉज में युवती के परिजन का हंगामा, पुलिस ने पहुंचकर की जांच




- ग्रामीणों ने लॉज और ढाबे की नियमित जांच कराने की मांग उठाई

**कुसुमकसा।** कुसुमकसा स्थित एक निजी लॉज में युवक-युवती के ठहरने की सूचना पर शनिवार को हंगामे की स्थिति बन गई। युवती के परिजन लॉज पहुंचकर युवती से मिलने और रजिस्टर में दर्ज जानकारी दिखाने की मांग करने लगे। लॉज संचालक ने गोपनीयता का हवाला देते हुए पुलिस की मौजूदगी में ही जानकारी देने की बात कही। सूचना मिलने पर राजहरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लॉज के रजिस्टर एवं पहचान संबंधी दस्तावेजों की जांच की तथा कमरे में ठहरे युवक-युवती को बाहर बुलाकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद युवती ▸▸| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### सर्प दंश से मौत

**धमधा।** ग्राम बड़े बीरेझर निवासी भैरो नंद वर्मा (34) की सर्प दंश से मृत्यु हो गई। भैरो सुबह-सुबह अपने खेत में भिंडी की फसल



देखने गए थे। तभी उनका पैर सांप पर पड़ा और सांप ने डंस लिया। उन्हें तत्काल चंदू लाल अस्पताल भिलाई ले जाया गया। जहाँ दूसरे दिन भैरव की मृत्यु हो गई। भैरव की मृत्यु से गाव में शोक छा गया। मृतक अपने परिवार का इकलौता भरण पोषण करने वाला था। उसके निधन से परिवार के भरण पोषण की संमस्या आन पड़ी है। मृतक की पत्नी और दो छोटे बच्चे है। मृतक की पत्नी ने शासन प्रशासन से सहयोग राशि की अपील की है।

### ठेठवार समाज सदस्यता पत्रक का हुआ विमोचन



**उतई।** ग्राम मोरिद में दुर्ग राज ठेठवार यादव समाज का सामाजिक कार्यक्रम रखा गया।जहां समाज के वरिष्ठ सियान छत्तीसगढ़ी लोकगायक खुमान सिंह यादव, राज अध्यक्ष राजकुमार यादव, रामनाथ यादव, अशोक यादव, श्रीराम एवं गोविंद यादव के हाथों ठेठवार समाज सदस्यता पत्रक का हुआ विमोचन किया गया। इस दौरान ठेठवार यादव समाज दुर्ग राजपार के समस्त पंचगण समस्त कुटुंम्ब जन सामाजिक पदाधिकारी गणों ने सामाजिक विषयों पर वृहद चर्चा की। विमोचन पश्चात क्षेत्रीय पंच एवं राज अध्यक्ष द्वारा स्थानीय सामाजिक जनों को सदस्यता पत्रक प्रदान किया। राज के पूरे 112 गांव एवं शहर सहित सभी स्वजातीयजनों को उनके क्षेत्रीय पंच प्रमुख के माध्यम से यह प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर आगामी श्री कृष्ण जन्माष्टमी आयोजन को लेकर भी चर्चा हुई। अंत में वृक्षारोपण उपरांत गौ रक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जनक यादव, दिलहरण यादव, राजकुमार , पवन यादव, हरप्रसाद, जगन्नाथ यादव, शेखर यादव, छन्नु यादव, कृष्णा यादव, शत्रुहन यादव मौजूद थे।

### खारुन ग्रीन कॉलोनी कुम्हारी में तरुणी शाखा शुरु

**कुम्हारी।** राष्ट्रीय सेविका समिति कुम्हारी के मार्गदर्शन से तरुणी शाखा का शुभारंभ हुआ। समिति की सेविका नीलम कोशले एवं प्रीति ने खारुन ग्रीन्स कॉलोनी में आकर के बच्चों को शाखा के बारे में जानकारी दी। कुबेरेश्वर महादेव धाम मंदिर प्रांगण कुम्हारी में करीब 15 से 17 बालिकाओं ने इस शाखा में अपनी रुचि दिखाई। समिति की दुर्ग जिला संभाग प्रभारी राखी विश्वास, जिला कार्यवाहिका एवं संभाग सह प्रभारी नीलम कोशले , राष्ट्र सेविका समिति कुम्हारी की नगर कार्यवाहिका योगिता पटेल का सभी ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति कुम्हारी की मां महामाया शाखा के मार्गदर्शन से यह शाखा मां सौम्या दुर्गा मैया तरुणी शाखा के नाम से अनवरत चलती रहेगी।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन को बोल बम कांवर यात्रा में किया आमंत्रित



**पाटन-सेलूद।** बोल बम कांवर यात्रा समिति, पाटन के संयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य भेंट की। जिसमें उन्हें 17 अगस्त को आयोजित होने वाली विशाल बोल बम कांवर यात्रा महोत्सव में आमंत्रण किया। इस अवसर पर वर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष जी को यात्रा की रूपरेखा, तैयारियों एवं आयोजन के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के तीसरे सोमवार को पाटन से टोलाघाट तक हजारों शिवभक्तों की सहभागिता से भव्य कांवर यात्रा निकाली जाएगी।

### महतारी वंदन हितग्राहियों को मिलेगा नि:शुल्क पौधा, सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा प्रमाण-पत्र

# 30 जुलाई को होगा 'महतारी वंदन पौधारोपण अभियान' हितग्राहियों सहित सभी महिलाओं को बांटे जा रहे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा 30 जुलाई को आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान पहली बार आयोजित महतारी वंदन पौधारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु वन, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित सभी संबंधित विभागों के द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।


उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिले में 30 जुलाई को वृहद पौधारोपण अभियान के अवसर पर आयोजित महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के दौरान जिले के महतारी वंदन य लाभान्वित 02 लाख 45 हजार हितग्राहियों के अलावा अनभागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के सभी हितग्राहियों के अलावा अन्य सभी महिलाओं की पौधारोपण के पुनीत कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से उन्हें पौधा वितरित किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि कलेक्टर के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के



हितग्राहियों के अलावा 30 जुलाई को पौधारोपण करने के इच्छुक अन्य महिलाओं के लिए ग्राम पंचायतों के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के कार्यकर्ताओं का पौधा वितरित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम पंचायतों से पौधा प्राप्त कर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों तथा 30 जुलाई को पौधारोपण करने वाले सभी महिलाओं को पौध वितरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। देश एवं प्रदेश में पहली बार आयोजित महतारी वंदन पौधारोपण अभियान के इस अभिनव इन महत्वपूर्ण अभियान को लेकर जिले के महिलाओं तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला प्रशासन के इस वृहद एवं महती अभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक पौधारोपण करने हेतु महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों तथा अन्य सभी महिलाओं ने अपने घरों एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर इसकी तैयारियां भी प्रारंभ कर दी है।

### जनप्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की

बालोद। जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार 30 जुलाई को आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर महतारी वंदन पौधारोपण अभियान का भी आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना से लाभान्वित 02 लाख 45 हजार महिलाओं के अलावा अन्य सभी महिलाओं तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों के द्वारा अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में आयोजित इस महाभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंगी। जिले के जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन द्वारा शुरू किए गए इस पुनीत एवं महत्वपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए जिले के महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के अलावा समाज के सभी वर्ग के लोगों से 30 जुलाई को आयोजित पौधारोपण अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की है। जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं बालोद नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव ने इस अभियान की सराहना करते हुए जिले के सभी मातृ शक्तियों से अपने घर, बाड़ी एवं अपने खेत के आसपास के शासकीय भूमि, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन पर अपने मां के नाम पर या अपने बच्चों को सुरक्षित रखने के नाम पर अनिवार्य रूप से पौधा लगाकर उनकी समुचित सुरक्षा लेने को कहा है। यादव ने कहा कि आपका छोटा सा प्रयास पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाली पीढ़ी के लिए मिसाल बनेगा। उल्लेखनीय है कि इस दौरान पौधरोपण हेतु सभी पौधे जिला प्रशासन द्वारा नि:शुल्क आपके पंचायतों तक पहुँचाकर वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही पौधरोपण के



दौरान पौधों के साथ अपनी फोटो सेल्फी लिंक पर अगर आप अपलोड किए जाने पर संबंधित व्यक्ति को पर्यावरण की संरक्षण में किए गए योगदानों के लिए एक प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। जिला प्रशासन के इस अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी ने महतारी वंदन योजना से लाभान्वित बालोद जिले के लगभग 02 लाख 45 हजार हितग्राहियों को गुरूवार 30 जुलाई को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित महतारी वंदन पौधारोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' से पौधरोपण कर रोपे गए पौधों की समुचित देखभाल करने की अपील नगर पालिका परिषद बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने कहा कि गुरूवार 30 जुलाई को सुबह 11 बजे जिला प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित महतारी वंदन पौधारोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का एक हिस्सा है। इस अवसर पर उन्होंने जिले के महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के अलावा जिले के सभी मातृ शक्तियों एवं बालिकाओं से भी जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चलाए जा रहे इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की है।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

महर्षि मुक्त लोक सेवा सार्वजनिक न्यास हथौद करहीभदर में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाये जाने के संबंध में बैठक रखा गया। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया एवं समिति के समस्त सदस्यों को कार्यक्रम का संचालन हेतु दायित्व दिया गया।



कार्यक्रम 27 एवं 28 जुलाई को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक प्रवचन सत्संग माताजी गिरिजा देवी का कार्यक्रम सम्पन्न होगा, गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई को प्रातः 8 बजे से गुरु पूजन व्यास पूजा पश्चात गुरु महिमा पर प्रवचन सत्संग का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। जिसमें सर्वप्रथम पंडित ऋषिकेश तिवारी का कार्यक्रम 10:30 बजे से 11:30 बजे तक होगा, उसके पश्चात स्वामी सत्यानंद स्वामी झंडापुर का कार्यक्रम 11:30 बजे से 12:30 बजे तक, पश्चात 12:30 से 2:00 बजे तक माताजी का सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम किया जाएगा।

अंत में गुरु आरती के पश्चात भोजन प्रसादी कार्यक्रम रखा जाएगा। उक्त कार्यक्रम में समस्त आस पास के सत्संगीजनों को आमंत्रण किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष गोविंद राम साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर सिंह साहू, सचिव पवन कुमार साहू, सदस्य ओमप्रकाश गजेंद्र, सागर दास मानिकपुरी, थान सिंह साहू, युवराज साहू, राम भरोसा साहू संतोष सिंन्हा, डीआर. यादव, मिश्रीलाल साहू, पुरूषोत्तम सिंह राजपूत, तेजप्रताप साहू समस्त सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शराब के लिए रुपए नहीं देने पर युवक से मारपीट, तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

मोटर साइकिल से अपनी पत्नी को लेने जा रहे व्यक्ति का मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया, उसके बाद व्यक्ति मोटर साइकिल को बनवाने ले जा रहा था इस दौरान रास्ते में उसके मोटर साइकिल का हेडलाईट सड़क पर गिर गया, जिसे सड़क किनारे खड़े तीन अज्ञात लोगो ने पकड़ लिया तथा पैसे की मांग करने लगे तथा पैसे नही देने पर व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर दी। जिसके बाद पीड़ित ने तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 119(1), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम रानाखुज्जी थाना देवरी निवासी टिकेश्वर ने पुलिस को बताया कि अपने मोटर साइकिल सीजी 18 बी 1468 से अपनी पत्नी को लाने के ग्राम लिमोरा के लिए निकला था, रास्ते में ग्राम कोटेरा के पास अचानक गाय मोटर साइकिल से



टकरा गई जिससे मोटर साइकिल हेड लाईट क्षतिग्रस्त हो गया, फिर भी मोटर साइकिल का हेड लाईट जल रहा था, रात्रि मे हेड लाईट संबलपुर बस स्टैण्ड के पास मेन रोड़ में टुट कर गिर गया, गिरे हुए हेड लाईट को उठाने के लिए जा रहा था इसी दौरान वहां खड़े 03 व्यक्ति में से एक व्यक्ति मेरे मोटर सायकल के हेड लाईट को उठा लिया, जब मैंने हेड लाईट को मांगा तो वे 100 रूपये मांगने लगे, मैने मना किया तो तुम कही से भी 100 रूपये दो शराब खरीद कर हम तीनों शराब पीयेंगे कहने लगे, व तीनो व्यक्ति गाली गलौज कर धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे।

रात्रि होने से वहां से डर के कारण भाग गया, इस दौरान कुछ दूर में गांव के एक व्यक्ति जो घटना को देख रहा था व मुझे घटना के संबंध में पूछा और पैसे मांगने एवं मारपीट करने वाले लोग के नाम बताया। मेरे मोटर साइकिल को घटनास्थाल के पास छोड़ के गया था, वहां मुझे ले जाकर ग्राम संबलपुर के राम यादव के द्वारा मुझे मोटर साइकिल को वापस किया है। मेरे द्वारा रात्रि होने व समय पर साधन नहीं होने से थाना डौण्डीलोहारा नहीं जा पाया जो इस समय थाना डौण्डींलोहारा पहुंचकर ग्राम संबलपुर के वासु गोस्वामी, राजा चन्द्रवंशी, गुलाब मसिया के खिलाफ शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने व मना करने पर गाली गलौज व धमकी देते हुए हाथ मुक्काम से मारपीट करने की थाना में रिपोर्ट करने आया हूं।

## जंतर-मंतर में पत्रकारों से मारपीट की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की कवरेज के दौरान पत्रकारों के साथ हुई कथित हिंसा, दुर्व्यवहार और उन्हें निशाना बनाए जाने की घटना के विरोध में न्यू प्रेस क्लब ऑफ भिलाई नगर ने कड़े शब्दों में निंदा प्रस्ताव पारित किया। प्रेस क्लब भवन में आयोजित बैठक में पत्रकारों की सुरक्षा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं और उनके साथ किसी भी प्रकार की हिंसा, धमकी या उत्पीड़न पूरे लोकतांत्रिक तंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि कवरेज कर रहे पत्रकारों पर हमला, उनके साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार, समाचार संकलन में बाधा उत्पन्न करना और भय का माहौल बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा स्वतंत्र पत्रकारिता पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि



■ न्यू प्रेस क्लब भिलाई की बैठक में पत्रकारों के सुरक्षा की उठाई मांग

किसी भी परिस्थिति में पत्रकारों के साथ इस तरह की हिंसा स्वीकार्य नहीं है। महासचिव दिलीप शर्मा ने घटना की निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि भविष्य में कवरेज के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जानी चाहिए। बैठक में सचिव जोगिंदर सिंह, गौकरण निषाद, सहसचिव भोपाल देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य पी मोहन आदि ने भी अपने विचार रखे।

### छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन

भिलाई। सुपेला घड़ी चौक में शुक्रवार को मूलनिवासी संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद संघ ने जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए नई दिल्ली के



जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक के विरोध में चल रहे छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई, छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के बैकुंठपुर स्थित आईसी मार्ट में एक नाबालिग आदिवासी छात्र के साथ कथित मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के बाद हुई मौत के मामले में भी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। मूलनिवासी संघ ने राष्ट्रपति से दोनों मामलों में हस्तक्षेप कर न्याय सुनिश्चित करने और छात्रों एवं आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मूलनिवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मेश्राम, जिला उपाध्यक्ष जी अरुण कुमार, महासचिव आर जॉनसन, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ प्रसाद अहिरवार, समता सुरक्षा सैनिक दल के आनंद रामटेके, जन संघर्ष मोर्चा के प्रसाद राव, एम जॉन्सन, पैकरा समाज के पिंटू पैकरा, डॉ. दीक्षित झुंझरे, पुष्पांजलि बंजारे, एम जोनाथन, सीटू के पूर्व सदस्य डीवीएस रेड्डी, मोजेस लोगन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के लोग उपस्थित थे।

## बीएमएस की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ (बीएमएस )की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। दिनेश कुमार पांडे महामंत्री प्रदीप कुमार पाल को अध्यक्ष और वंश बहादुर सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है । बीएमएस के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सीवी राजेश द्वारा सेक्टर 6 यूनियन कार्यालय में कार्यकारिणी की घोषणा बाद यूनियन पदाधिकारियो ने आईआर विभाग में ई फॉर्म की कॉपी प्रबंधन को सौंपा।

भिलाई इस्पात मजदूर संघ के महामंत्री चन्ना केशवलू को भाजपा क भिलाई जिला का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर उनके महामंत्री पद से इस्तीफा देने से यूनियन में महामंत्री का पद रिक्त हो गया । बाद यूनियन की नई



कार्यकारिणी के गठन किया गया। एनजेसी सीएस में सदस्य वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में 11 इंटक नेताओं ने भिलाई इस्पात मजदूर संघ बीएमएस ज्वाइन किया था, जिन्हें भी नई कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनाया गया । सीवी राजेश दिनेश पांडेय ने कहा कि वंश बहादुर सिंह अनुभवी और सभी को साथ लेकर चलने वाले यूनियन नेता है इनके बीएमएस में आने से हमारी यूनियन को और अधिक मजबूती मिलेगी ।

### फॉस्टर केयर के तहत रतनपुर में हुआ पुनर्वास

# रेलवे स्टेशन पर मिले 9 वर्षीय बालक को मिला नया परिवार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अंतर्गत प्रक्रियाओं को पूर्ण कर नाबालिग बालक के पुर्नवास का आदेश (फॉस्टर केयर प्लेसमेंट) पर बिलासपुर जिले के रतनपुर के धीवर परिवार को अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के द्वारा प्रदान किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा ने बताया कि 01 वर्ष पूर्व एक 09 वर्षीय बालक बालोद जिले के रेल्वे स्टेशन पर भटकता हुआ पाया गया। जिसे रेलवे पुलिस द्वारा रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति जिला बालोद के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति द्वारा कानूनी प्रावधान



अनुसार बालक के परिजनों को ढूंढने हेतु प्रयास किया गया। इस संबंध में राष्ट्रीय समाचार पत्र पत्रिकाओं में ज्ञापन प्रकाशित कराया गया। किन्तु नियत अवधि तक बालक के माता–पिता एवं उसके परिजनों के बारे में जानकारी नही मिलने पर बालक कल्याण समिति द्वारा बालक के सामाजिक विकास एवं बालक के पालन पोषण एवं देखरेख हेतु ऐसे इच्छुक परिवार (फास्टर फेमली) को ढूंढने का प्रयास किया गया। जो बालक को स्वयं के सामर्थ से बेहतर देखरेख एवं सुरक्षा प्रदान कर सके। विगत 04 माह के निरंतर प्रयासों के पश्चात उक्त बालक के पालन पोषण के लिए बिलासपुर जिले के रतनपुर निवासी धीवर परिवार ने अपनी सहमति प्रदान की।

किशोर न्यास अधिनियम 2015 के तहत समस्त औपचारिकताओं को पूरा कर बालक कल्याण समिति जिला बालोद द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई बालोद तथा सीईएसी के सहयोग से उक्त बालक का पालन पोषण हेतु धीवर परिवार रतनपुर, बिलासपुर में पुर्नवास किया गया। इस अवसर पर बालक की उज्वल भविष्य की सुखद कामनाएं करते हुए बालक को उपहार भी भेंट किया गया। जिससे बालक नए परिवार के साथ सहज आत्मीयता के साथ अपने नये जीवन की शुरूवात कर सके। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति बालोद के अध्यक्ष कृष्णा साहू एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### हत्या के आरोपी को...

ने जगतराम की पीठ पर लाठी से वार किया, जिससे वे बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की सूचना परिजनों को दी गई, जिन्होंने जगतराम को मोटरसाइकिल से घर पहुंचाया, लेकिन कुछ ही देर बाद उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और थाना मंगचुवा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर घटना में प्रयुक्त लाठी एवं कपड़े जब्त किए गए। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को 18 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। मामले में प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान, जब्त साक्ष्य एवं अन्य ठोस प्रमाणों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### लॉज में युवती के परिजन...

की पहचान उसके परिजनों ने की। इसके बाद पुलिस ने युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण लॉज के बाहर एकत्र हो गए। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में संचालित लॉज एवं ढाबों की समय-समय पर जांच कराने की मांग की। उनका कहना है कि ऐसे प्रतिष्ठानों में नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन को नियमित निरीक्षण करना चाहिए। मौके पर सरपंच वेदबाई पिस्दा, उपसरपंच नितिन जैन, पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस, अनिल सुथार सहित जनप्रतिनिधि, युवती के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### जन्मदिवस पर अमर शहीद दुर्वासा निषाद को किया नमन



**अजुंर्दा।** शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अजुंर्दा की प्राचार्य डॉ. सोमाली गुप्ता के जन्मदिवस पर महाविद्यालय के नामधारी अमर शहीद दुर्वासा निषाद की प्रतिमा, चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके आदशोंर् को स्मरण करते हुए समाज और राष्ट्र सेवा का संदेश दिया।

### पेंशनर समाज की बैठक 26 को

**अंडा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज तहसील शाखा गुंडरदेही जिला बालोद की आवश्यक बैठक 26 जुलाई 2026 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से अटल चौक अंडा चंद्राकर भवन में आयोजित की गई है। इस बैठक में गुंडरदेही तहसील के सभी पदाधिकारी एवं आजीवन अध्यक्ष हरदेव लाल दिल्लीबार उपस्थित रहकर पेंशनरों को संबोधित करेंगे एवं उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस बैठक में विशेष रूप से पेंशनरों के आयकर फॉर्म जमा करने एवं प्रदेश एवं जिला स्तर पर हुई बैठक में लिए गए निर्णय को की जानकारी दी जाएगी एवं अन्य चर्चा अध्यक्ष की अनुमति अनुसार की जाएगी। अंडा क्षेत्र के सभी पेंशनरों को बैठक में उपस्थित होने का आह्वान किया गया है तथा मृत पेंशनरों के परिवार परिवार पेंशन के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

# रनचिरई के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा का लोकार्पण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम रनचिरई के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा का लोकार्पण किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख जी ने संबोधित करते हुवे कहा कि विद्यार्थी यदि लगन व मेहनत से विद्यार्जन करे तो अपने लक्ष्य को पा सकता है। अतिरिक्त कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष लेख राम साहू ,जिला





पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, के.के. साहू सरपंच रुखमनी निर्मलकर, उप सरपंच डेविड साहू, समस्त पंच गण, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रमेश चंद्राकर बूथ अध्यक्ष डोमन साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष सुधीर साहू ,टोप सिंह साहू, मोहन, ग्रामवासी एवं समस्त शिक्षक व पालक गण उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शाला के जितेंद साहू ने किया।

## राजस्व एवं कृषि विभाग की बैठक, लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

# एग्रीस्टैक में शत-प्रतिशत किसान पंजीयन के निर्देश खाद-बीज उपलब्धता की भी कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ 30 जुलाई के महतारी वंदन पौधारोपण अभियान को सफल बनाने पर दिया जोर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जनपद पंचायत कार्यालय गुरूर के सभाकक्ष में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कायोंर् की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में उन्होंने शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में किसान पंजीयन के कार्य को अत्यंत आवश्यक बताते हुए राजस्व एवं कृषिविभाग के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि तक जिले के शत प्रतिशत कृषकों के प्रत्येक खातों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मौजूदा खरीफ सीजन के मद्देनजर जिले में खाद, बीज की समुचित भण्डारण एवं वितरण के कायोंर् की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा किसानों के लिए जिले में समुचित मात्र में खाद एवं बीज का भण्डारण किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी कृषकों को पर्याप्त मात्र में खाद, बीज की उपब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने गुरूर विकासखण्ड में एग्रीस्टैक



पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों तथा खाताधारकों के संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए सभी कृषकों का शीघ्र पंजीयन कराने के निर्देश दिए। मिश्रा ने कहा कि शासन के मंशानुरूप किसानों को शासकीय योजना का समुचित लाभ प्राप्त करने के लिए एग्रीस्टैक पोर्टल में अपने प्रत्येक खातों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके अभाव में किसानों को केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई होगी। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जिले के शत प्रतिशत कृषकों के प्रत्येक खातों का एग्रीस्टैक पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु कोटवारों के माध्यम से मुनादी तथा शिविर आदि के माध्यम से इसका समुचित प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को सहकारी समितियों में सतत संपर्क स्थापित कर किसानों को इसके संबंध में जानकारी भी प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने राजस्व विभाग के कायोंर् की समीक्षा करते हुए गुरूर विकासखण्ड में नक्शा बटांकन एवं स्वामित्व योजना के बेहतर कायोंर् की सराहना की। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अभिलेख दुरस्तीकरण तथा एसडीएम तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कोर्ट में प्रकरणों के निराकरण के स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सभी राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समायवधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के कायोंर् की समीक्षा करते हुए गुरूर ब्लाक में धान के रोपाई आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

उन्होंने किसानों को अन्य खाद के साथ नैनो युरिया एवं नैनो डीएपी की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने अधिकारी-कर्मचारियों से बालोद जिले में 30 जुलाई को आयोजित वृहद पौधारोपण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस दौरान महतारी वंदन पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया है। इस मौके पर महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राहियों के अलावा पौधरोपण करने इच्छुक अन्य महिलाओं के द्वारा भी अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के इस पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नशा जीवन के दर्द का समाधान नहीं, नाश की जड़ है : अक्षयमुनी मसा

**बालोद।** आगम ज्ञाता, युग निर्माता आचार्य 1008 रामलाल मसा के सुशिष्य, अक्षयमुनी मसा ने समता भवन में आयोजित प्रवचनमाला के दौरान श्रद्धालुओं को जीवन के अनेक महत्वपूर्ण सूत्रें से अवगत कराया। अपने प्रेरक प्रवचन में अक्षयमुनी मसा ने कहा कि होनहार को नमस्कार जरूर करना चाहिए, क्योंकि जो होने वाला है वह होकर ही रहेगा। होनहार को चुनौती देना बुद्धिमानी नहीं है। उन्होंने कहा कि मनुष्य इस संसार का स्वामी नहीं है। जल, जंगल, जमीन और वायु ही इस सृष्टि के वास्तविक आधार हैं। यदि ये सुरक्षित हैं तो हमारा अस्तित्व भी सुरक्षित है। इसलिए अपनी शक्ति, समय और ऊर्जा का उपयोग सदैव ऐसे कायोंर् में करना चाहिए, जिससे समाज और समस्त प्राणियों का कल्याण हो। उन्होंने कहा कि आज भौतिकता के इस युग में जीवन की अनेक वस्तुएँ भले ही विलासिता लग्जरी की हों, लेकिन अपने शरीर को कभी भी लग्जरी मत बनाइए। जिस दिन शरीर आराम परस्ती का आदी हो जाता है, उसी दिन से उसमें रोगों का प्रवेश प्रारंभ हो जाता है। स्वस्थ जीवन के लिए संयम, श्रम और सादगी आवश्यक हैं। प्रवचन के दौरान पूज्यश्री ने नशामुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि नशा किसी भी प्रकार का हो, वह जीवन के दर्द को समाप्त नहीं कर सकता। वह केवल नशे के प्रभाव तक ही व्यक्ति को वास्तविकता से दूर रखता है। जैसे ही नशा उतरता है, वही पीड़ा पुनः सामने आ जाती है। इसलिए नशा वास्तव में नाश की जड़ है और इससे सदैव दूर रहना चाहिए। प्रवचन के अंत में उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से संयम, सदाचार, सेवा और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

# मंगचुवा में 29 को होगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं गुरु दीक्षा समारोह

**डौंडीलोहारा।** आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला गुरु पूर्णिमा महोत्सव इस वर्ष भी ग्राम मंगचुवा में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। 29 जुलाई, बुधवार को आचार्य पंडित विनोद तिवारी जी महाराज (उमरवाही वाले) के सानिध्य में भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं गुरु दीक्षा समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का वह पावन पर्व है, जो गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन गुरु की पूजा-अर्चना कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया जाता है। कार्यक्रम में गुरु पूजन, गुरु दीक्षा तथा आध्यात्मिक प्रवचनों सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आचार्य पंडित



विनोद तिवारी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि गुरु बिन ज्ञान नहीं, गुरु बिन ध्यान नहीं, गुरु बिन गति नहीं और गुरु बिन परमात्मा की प्राप्ति नहीं। उन्होंने कहा कि गुरु ही मनुष्य के जीवन को अज्ञान रूपी अंधकार से निकालकर ज्ञान और सत्य के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिष्यगण एवं ग्राम मंगचुवा के ग्रामीण पूरी निष्ठा के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने और गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई है।




## जपं डौंडीलोहारा में पूर्व सीईओ पंकज देव को दी विदाई, नए सीईओ बंजारा का किया स्वागत

**डौंडीलोहारा।** जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सभागार में शनिवार को गरिमामय समारोह आयोजित कर पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) पंकज देव को विदाई दी गई तथा नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी नारायण बंजारा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर दोनों अधिकारियों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने पंकज देव के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जनपद क्षेत्र में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ। वहीं नवागत सीईओ नारायण बंजारा का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में जनपद पंचायत विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवनाथ बघेल, तहसीलदार नायक, जनपद पंचायत अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा, उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, सभापति डोमेन्द्र ज्ञानू राजपूत, टुमन साहू, उत्तम यादव, भूपेश नायक, चित्रलेखा साहू, अनूपी भुआर्य, जनपद सदस्य टिकेश्वरी साहू, कौशल्या ठाकुर, दुलारी देवांगन, तेजेश्वरी दुग्गा, शोभित यादव, देव राणा, समाजसेवी प्रकाश सोनबरसा सहित जनपद पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन गौतम सिन्हा ने किया।

# शिक्षक दानीराम सिन्हा को दी विदाई

**गुरूर।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरुर में सेवानिवृत शिक्षक दानीराम सिन्हा का विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के प्राचार्य तपेश गौतम एवं अन्य सहकर्मी शिक्षकगण लोकेंद्र साहू, धनेश्वर गोयल, प्यारेलाल, दुर्गेश यादव, सीमा साहू, मानकी ठाकुर, ईश्वरी खापर्डे, भारती साहू, सुलेखा गंगराले, स्वांगी ठाकुर, चंपेश्वरी साहू, स्वाति कोसमा, पीआर. देवांगन, दानेश्वर वर्मा, दुर्गाशकर पाल, नरेन्द्र दीवान, चित्ररेखा नागवंशी, डामिन एवे शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्यगण आशीष महमल्ला, नितिन जैन उपस्थित थे। दानीराम सिन्हा ने लगभग 44 वर्ष अपनी सेवाएं दी हैं।



# निकुम महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय, निकुम में शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाषण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) अन्नपूर्णा यादव ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कारगिल विजय दिवस की पृष्ठभूमि, ऑपरेशन विजय, स्वतंत्रता के बाद भारत-पाकिस्तान के राजनीतिक संबंधों तथा ऐतिहासिक परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) वेद प्रकाश ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश और समाज के हित में कार्य करने के लिए हमें अपनी आंतरिक कमजोरियों को दूर करना होगा।

सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) पूजा अग्रवाल ने कारगिल विजय दिवस से देशवासियों को मिलने वाली प्रेरणाओं और सीख पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. के. बैलेंद्र ने विद्यार्थियों से इतिहास की घटनाओं से प्रेरणा लेकर भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।




कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अन्नपूर्णा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. सीमा जायसवाल, अंजू रानी ठाकुर, डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा, डॉ. शिप्पी देवांगन सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
State of the art NICU including care for Preterm, Term
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
95224-66664, 62622-22003
9826446666
95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी.सिंह
डॉ. नीलिमा सिंह
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
9009553889, 9090204620

भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
डॉ. दिलीप लालवानी
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# खबर संक्षेप

## परसदा डंग में आज होगा किचन शेड का भूमिपूजन

**बालोद।** कबीर आश्रम परसदा डंग में 26 जुलाई को 11 बजे किचन शेड का भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया है। जहां एक पेंड़ मां के नाम के तहत पौधा भी लगाया जाएगा। कार्यक्रम मे गुण्डरदेही जनपद अध्यक्ष पुरषोत्तम लाल चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जिला भाजयुमो अध्यक्ष कांति सोनेश्वरी व जनपद सभापति गुलशन साहू, दुष्यंत हिरवानी, सत्यवती साहू, नीलम दास साहू, उपसरपंच हिलेश्वर साहू व समस्त पंचगण व ग्राम के सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। आश्रम के महंत पंचमदास शास्त्री ने कहा कि विचार क्रांति के अतिरिक्त पर्यावरण के प्रति सजगता समाज व देश की पहली आवश्यकता है।

## ग्राम अण्डा में 2 अगस्त को होगी श्रीराम कथा संगोष्ठी एवं गुरु-सम्मान समारोह

**अंडा।** श्री मानस सुधा परिवार, जिला दुर्ग के तत्वावधान में चतुर्थ वर्ष की प्रथम मासिक श्री रामकथा संगोष्ठी एवं वरिष्ठ गुरुजनों के गुरु-सम्मान समारोह का आयोजन 2 अगस्त (रविवार) को ग्राम अण्डा, जिला दुर्ग में किया जाएगा। यह आयोजन गुरु-परंपरा के सम्मान, श्रीराम कथा के प्रचार-प्रसार तथा आध्यात्मिक चेतना के संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। गुरु-सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें वरिष्ठ गुरुजनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन आवश्यकतानुसार किया जाएगा। आयोजन स्थल गुरुवारी बाजार चौक मंच, ग्राम अण्डा निर्धारित किया गया है। श्री मानस सुधा परिवार ने सभी गुरुजनों, मातृशक्ति, मानस-प्रेमी श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से परिवार सहित उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के मुख्य आयोजक पं. श्री महेन्द्र पाण्डेय जी एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम अण्डा (जिला दुर्ग) हैं। आयोजकों का कहना है कि श्रद्धालुओं की उपस्थिति इस आयोजन को और अधिक प्रेरणादायी एवं सफल बनाएगी। यह जानकारी पं. श्री महेन्द्र पाण्डेय ने दी।

## माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान कार्यशाला

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सीजी ग्रुप ऑफ माइंस के लिए आयोजित 5 दिवसीय माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान (एमएसएमपी) – इम्प्लीमेंटेशन एवं रिव्यू" प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला राजहरा स्थित माइन वेस्टिब्यूल ट्रेनिंग सेंटर (एमवीटीसी) में शुरु हुई। उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (खदान) कमल भास्कर ने किया।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं अनुभवों को अपने कार्यस्थलों पर प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। कार्यशाला के प्रथम दो दिनों में एमएस दत्ता माइनिंग कंसल्टेंसी के सुरक्षा विशेषज्ञ एवं पूर्व उप महानिदेशक एसके दत्ता द्वारा राजहरा मैकेनाइज्ड माइंस, दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस, झरनदल्ली, महामाया, हिर्री, कलवर, रावघाट तथा नंदिनी चूना पत्थर खदान के अधिकारियों एवं वरिष्ठ पर्यवेक्षकों को विस्तृत सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को माइन सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान की तैयारी, क्रियान्वयन, समीक्षा तथा सतत सुधार की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

# बारिश से कीचड़युक्त स्कूल मार्ग को कराया दुरुस्त, कन्या स्कूल के लिए तीन अतिरिक्त कक्षों की मांग

## नपं अध्यक्ष प्रमोद जैन ने जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, सीएमओ कोमल ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पार्षद हरीश निषाद, शैल महोबिया, एल्डरमैन गोकुल निषाद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ शनिवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय हाई स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर एवं मैदान में साफ–सफाई कराने के निर्देश दिए गए, जिसके बाद तत्काल सफाई कार्य कराया गया। इस दौरान स्कूल मैदान के मार्ग का भी निरीक्षण किया गया, जहां लगातार बारिश के कारण वहां अत्यधिक कीचड़ हो गया था, जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय आने–जाने में कठिनाई हो रही थी। इस समस्या को



### शीघ्र स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जाएगा

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है, इस संबंध में मंत्री से चर्चा कर शीघ्र स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि नगर के सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर वातावरण प्रदान करना, नगर पंचायत की प्राथमिकता है। विद्यालयों में जो भी समस्याएं सामने आएंगी, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा।

गंभीरता से लेते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने तत्काल मुरूम, गिट्टी एवं डस्ट डलवाकर मार्ग को व्यवस्थित कराया ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके पश्चात कन्या पूर्व माध्यमिक शाला का भी निरीक्षण किया। यहां शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन से चर्चा कर विद्यालय की विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली गई। मध्यान्ह भोजन व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में कक्ष की कमी के कारण विद्यार्थियों को बैठाने में कठिनाई होती है। इस पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को पत्र लिखकर कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में तीन अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करने की मांग की।

## विद्यार्थियों को सीडबॉल तकनीक का प्रशिक्षण, अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा का लिया संकल्प

# बड़गांव स्कूल में सीडबॉल एवं बीजरोपण कार्यशाला, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़गांव डौण्डीलोहारा में सीडबॉल, बीजरोपण कार्याशाला आयोजित किया गया। पर्यावरण गतिविधि व संरक्षण टीम, जिला बालोद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से सीडबॉल, बीजरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डोमार सिंह कुंवर थे। अध्यक्षता प्राचार्य जितेन्द्र कुमार उइके ने किया। विशेष अतिथि जनपद सदस्य डौण्डी लोहारा डोमेन्द्र राजपूत, योगेश्वर प्रसाद साहू, वैभव साहू, संजय साहू, चित्ररेखा साहू, डौमेन्द्र देशमुख, छबि लाल, विनोद कुमार साहू व पर्यावरण गतिविधि जिला संयोजक कमलकांत साहू ने प्रशिक्षण दिया। कार्याशाला में नरेश कुमार पटोटी, हिरमन चौरले, केवल सिंह नुरेटी, लोचन प्रसाद साहू, भेनुमति चतुर्वेदी, संदीप कुमार वर्मा, कादम्बिनी यादव, खिलेश्वरी तिवारी, तेजराम लटिये, सुशीला धुरवे, प्रेमलाल भुआर्य, रोशन कुमार भण्डारी, मनोज कुमार पाटिल, सिधेश्वर यादव, सरिता साहू, प्यारे



लाल सिन्हा, आदित्य कुमार उइके, दीपिका साहू, कार्यालयीन स्टाफ तेज प्रताप राजपूत, ओम प्रकाश सिन्हा, कमलेश कुमार ताण्डे, सविता कुरे, शत्रुधन सिंह, केशरी बाई, आकाश ठाकुर, भुवन लाल गंगबोइर व विद्यालय के भैया बहनों ने भागीदारी दिखाई। मुख्य अतिथि डोमार सिंह कुंवर ने गीत के माध्यम से कहा यह एक अत्यंत प्रभावशाली और दूरदर्शी विचार है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं या व्यक्तिगत प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक जन–आंदोलन बनकर ही सफल हो सकता है। इसे सामूहिक भागीदारी जब सामाजिक कार्यकर्ता इसे एक अभियान का रूप देते हैं, तो यह तकनीक कम समय में हज़ारों पेड़ लगाने में मदद करती है। सामाजिक कार्यकर्ता बीज चयन स्थानीय प्रजातियों का चयन, मिट्टी की तैयारी और सही समय मानसून का चुनाव करने में एक उत्प्रेरक की तरह कार्य कर सकते हैं। जागरूकता का आवश्यकता सामुदायिक स्तर पर लोगों को यह समझा सकते हैं कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक का काम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का काम है। जब पेड़ लगाने का कार्य एक सामुदायिक उत्सव बन जाता है, तो पर्यावरण का संरक्षण स्वतः ही सुनिश्चित हो जाता है। जितेन्द्र कुमार उइके ने कहा यह कार्य को हम परिवार के साथ बैठकर भी कर सकते है, यह सभी का जिम्मेदारी है। पौधारोपण इसलिए आवश्यक है क्योंकि पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते है, हवा से हानिकारक गैसों और धूल को सोखकर पर्यावरण को शुद्ध करते है मिट्टी के कटाव को रोकते है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद करते हैं। मानव जीवन के लिए मूल आधार वृक्षारोपण वन कार्बन–डाइऑक्साइड अवशोषित करते हैं और जल चक्र को बनाए रखकर मौसम और तापमान को नियंत्रित करते हैं हरे–भरे पेड़ों के बीच रहने से तनाव कम होता है और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। कार्यक्रम के अंत में कमलकांत साहू द्वारा नेशनल स्टूडेंट पर्यावरण प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी, उन्होने बताया कि यह छात्रें के लिए एक पर्यावरण–आधारित प्रतियोगिता है।

# मलेरिया मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखंड के ग्राम कोसमी में मलेरिया पॉजिटिव मरीज मिलने उपरांत विकासखंड से चिकित्सकीय टीम एवं जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर जीआर रावटे द्वारा भ्रमण किया गया। साथ ही ग्राम कोसमी में अस्थायी शिविर लगाकर पीड़ित व्यक्तियों का उपचार किया गया।

गृह भ्रमण कर टीम द्वारा आरएफएस रक्त पट्टी बनाई गई। डॉक्टर जीआर रावटे द्वारा मलेरिया, उल्टी दस्त से बचाव हेतु आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील भारती के निर्देशन में मलेरिया रोकथाम हेतु आवश्यक उपाय हेतु सुझाव दिए गए। ग्रामीणों को बताया गया कि घरों के आस–पास आवश्यक साफ सफाई रखें, नालियों से गंदे पानी का उचित निष्पादन करें, जले ऑयल का छिड़काव करें, सोते समय नियमित मच्छरदानी का उपयोग करें, फुल आस्तीन वाले कपड़ें पहने, बेकार पड़े बर्तन, टायर व अन्य सामग्री जिसमें पानी का ठहराव होता हो ऐसे सामान को तुरंत हटाना जरूरी है। कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है, बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र व मितानिन के पास रक्त जांच कर उपचार लेवे। मलेरिया जानलेवा हो सकता हैं, यदि समय पर जांच व उपचार न मिले तो। उसी प्रकार दस्त के बचाव हेतु सुझाव दिया गया कि आवश्यक चीजें सड़े–गले फल व बासी भोजन का उपयोग न करें, खाने–पीने की चीजें तथा खाद्य पदार्थ वाले बर्तन को खुला न रखें, खाना खाने से पहले एवं शौच के बाद हाथों की धुलाई आव"यक है। दस्त होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अवश्य उपचार व परामर्श लेवे।



# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरजपुरी में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य केंद्र परिसर को हराभरा बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरजपुरी में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परिसर में आम, चार, बेल, गुलमोहर सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों तथा ग्रामीणों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष न केवल शुद्ध वायु और स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाले समय में मरीजों, उनके परिजनों तथा ग्रामीणों को छाया और फल भी उपलब्ध कराएंगे। पौधारोपण से स्वास्थ्य केंद्र परिसर की सुंदरता और हरियाली भी बढ़ेगी। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सक प्रेम कुमार यादव, स्टाफ नर्स शिप्रा मानिकपुरी एवं पूर्णिमा टेकाम, फार्मासिस्ट मुकेश राणा, कंप्यूटर ऑपरेटर धीरज दास मानिकपुरी, सफाई कर्मचारी पुष्पेंद्र कुमार करात, भूतपूर्व सरपंच पति गैंद सिंह मंडावी, ग्राम सदस्य गुरु प्रसाद भांडेकर सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया।

# खलारी स्कूल में विद्यार्थियों ने किया पौधारोपण

**कुसुमकसा।** आदिवासी विकासखंड डौंडी के तांदुला बांध किनारे स्थित शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय (सेजेस) खलारी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विद्यार्थियों, शिक्षकों और विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के सम्मान में फलदार, छायादार और औषधीय पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और वैश्विक तापमान जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण और पौधों का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वृक्ष शुद्ध ऑक्सीजन, छाया, फल, औषधियां उपलब्ध कराने के साथ वर्षा चक्र, भूजल संरक्षण और मिट्टी के कटाव को रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पौधारोपण से पूर्व राज्य स्तरीय विज्ञान नाटिका में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों ने 'महतारी के सुग्घर अँचरा' पर्यावरण संदेश गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने पौधों की नियमित सिंचाई, सुरक्षा और देखभाल करने के साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कहा कि यदि प्रत्येक विद्यार्थी हर वर्ष एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखे, तो आने वाले समय में क्षेत्र फिर से हरा-भरा बन सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य एस. जॉनसन, ईको क्लब प्रभारी संजय कुमार खरे, साइंस क्लब प्रभारी धर्मेंद्र कुमार श्रवण, वरिष्ठ व्याख्याता जी.एस. कोर्राम, भीखम सिंह रावटे, भूमिका देवी पाटिल, भीमा भारती खोब्रागढ़े, कविता गायकवाड़, सरिता उर्वशा, सरिता यादव, गंगोत्री मारकांडे, मधुलता चंद्राकर, यामिनी साहू, शिल्पा प्रमोद, शिवराम वैद्य, मनमोहन सिंह धाकड़, डोमेंद्र कुमार राणा, जागेंद्र कुमार अमरिया, प्रदीप कुमार शुक्ला, अजित शिव तिवारी, विकास साहू, परसु राम, धनेन्द्र, साधुराम कृषाण, विद्या सोरी सहित समस्त शिक्षक, पालक, विद्यार्थी एवं शाला विकास समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने मनाया 23वां हरित जन्मदिन, बच्चों संग लगाए 100 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने करंज के पौधों का 23वां जन्मदिन मनाया, सन् 2004 में 200 करंज के पौधे का पैधारोपण किया गया था। इस दौरान रोपित शासकीय स्कूल केला बाड़ी और शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों के साथ 100 पौधों का पौधारोपण किया गया।

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश देते हुए ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 में लगाए गए 200 करंज एक्ससे के पौधों का 23वां जन्मदिन दीप प्रज्वलित कर स्कूली बच्चों के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। इस अवसर पर बच्चों को पौधों के महत्व, पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों एवं उपस्थित नागरिकों के साथ मिलकर 100 नए पौधों का भी रोपण किया गया। वीरेंद्र सिंह ने बच्चों से प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल करने तथा अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधे केवल





पर्यावरण ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला हैं। आज लगाए गए पौधे, कल जीवनदायिनी छाया, स्वच्छ वायु और जल संरक्षण का माध्यम बनेंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया। वीरेंद्र सिंह ने अपील की कि वे अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य शुभ अवसरों पर पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें, ताकि हरित एवं स्वच्छ भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।






## गिरिजा देवी का तीन दिनी प्रवचन 30 से



**बालोद।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर मुक्ताश्रम हथौद में गिरिजा देवी शर्मा का त्रिदिवसीय प्रवचन का आयोजन किया गया है। जिसके संबंध में तैयारी प्रारंभकर दी गई है। जहां भक्तो को प्रवचन में सम्मिलित होने के लिए पहुंचने के लिए समिति द्वारा अपील की गई है।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज


# शाला परिसर में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश, विद्यार्थियों ने लिया अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प

**डौण्डीलोहारा।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में विकासखंड डौण्डीलोहारा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटी कला में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण का महत्व बताया गया। कार्यक्रम के दौरान पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र के नेतृत्व में कटहल, आंवला, नीम, अशोक, गुलमोहर, बादाम एवं करंज जैसे उपयोगी और दीर्घायु पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, हरियाली और सुरक्षित पर्यावरण का आधार बनेगा। उन्होंने सभी से अपने जन्मदिन, पर्व-त्योहार और विशेष अवसरों पर पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने



का आह्वान किया।वृक्षारोपण अभियान से प्रेरित होकर विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। सभी ने पौधों को सुरक्षित रखने तथा विद्यालय परिसर को हरा-भरा बनाने की जिम्मेदारी निभाने का भरोसा दिलाया। विद्यालय परिवार का मानना है कि ऐसे आयोजन केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम भी हैं। इस पहल की क्षेत्र के लोगों ने सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय प्रयास बताया।


PM-JAY (आयुष्मान भारत योजना) के तहत त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा
मित्तल हॉस्पिटल
आयुष्मान योजना द्वारा
डायलिसिस सेवा उपलब्ध
Dr Vijay Vachhani
DrNB (Nephrology)
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
किडनी रोग विशेषज्ञ टीम
नियमित जांच और मॉनिटरिंग
24x7 आपातकालीन सुविधा
जुनवानी रोड, टी.आई. मॉल के पास, भिलाई
77228 80844, 0788-2294440